तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

सांकरा को मखाना उत्पादन का आदर्श केंद्र बनाना मेरा ... 13



अधेड़ मरीज को डॉक्टर ने भर्ती करने से किया मना 14



मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
T&C*




## खबर संक्षेप



### आसमानी बिजली से दो मवेशियों की मौत

**नगरी।** इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। विकासखण्ड के ग्राम गांव रविवार को शाम को अचानक मौसम खराब हो गया। बादल-गरजने चमकने लगा। बारिश और गरज-चमक से बचने करही के गरीब किसान के मवेशी एक पेड़ के नीचे खड़े थे। अचानक आसमानी बिजली दो जानवर पर गिर गई। घटनास्थल पर दो मवेशियों की मौत हो गई। पीड़ित किसान ने शासन-प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### बंगाली नववर्ष पर कार्यक्रम आज

**धमतरी।** बंगाली समाज का शुभ नववर्ष मंगलवार 15 अप्रैल को मनाया जाएगा। समाज के अध्यक्ष मृत्युंजय कर ने बताया कि इस वर्ष भी मंगलवार को शाम 7 बजे से तहसील आफिस के पास स्थित कर्मचारी भवन हाल में समाजजनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

### अछोटी स्कूल का स्वर्ण जयंती समारोह 18 को

**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला अछोटी में शाला प्रबंधन समिति, शाला परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से स्कूल के 73 वर्ष की सुखद यात्रा को स्वर्ण जयंती के रूप में मनाने सहसम्मान समारोह का आयोजन 18 अप्रैल शुक्रवार को किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 1953 में प्राथमिक शाला स्थापित की गई थी। कार्यक्रम सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगी। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता सरपंच पूरनलाल घृतलहरे करेंगे। विशिष्ट अतिथि अबिनाश मिश्रा जिलाधीश, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, उर्वशी जितेंद्र बांधेकर जनपद सदस्य, आनंद साहू उपसरपंच होंगे। विशिष्ट अतिथि टीआर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी, सीके साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरूद, प्रतिभा ध्रुव सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरूद सहित प्रथम बैच के छात्र केआर चंद्राकर, पुरानिकराम साहू होंगे।

ग्राम भटगांव में पीएम आवास में धांधली, सालों से चली आ रही गड़बड़ी

# गरीबों के जॉब कार्ड पर बन गए संपन्न लोगों के मकान

**केस 1**

भटगांव निवासी उर्मिला देवांगन पति स्वर्गीय सुंदर देवांगन के जॉब कार्ड से मंगलू पिता मिलाऊ राम का पीएम आवास बना दिया गया है। मकान बने 7 साल हो चुके हैं। इस बात की जानकारी उर्मिला को तब हुई, जब वह कुछ दिन पहले पीएम आवास के लिए फार्म भरने ग्राम पंचायत पहुंची। वहां पर पहले से उसके नाम पर पीएम आवास बना हुआ दिखाई दे रहा है और फार्म रिजेक्ट हो गया है।

**केस 2**

केंवरा बाई भटगांव में नहर के पास टूटी-फूटी झोपड़ी में गुजारा कर रही है। उसके मकान में पूरा खपरैल भी नहीं है। दीवार की जगह पुरानी साड़ियों को ढंककर काम चला रही है। वह जब पीएम आवास का फार्म भरने गई तो पता चला कि उसके जॉब कार्ड नम्बर का उपयोग कर रंजीत पिता नउराम का मकान स्वीकृत कर दिया गया है। हाल ही में 6 अप्रैल को रंजीत का मकान बनकर तैयार हुआ है।

**केस 3**

गौरी सिन्हा के पति का निधन दो साल पहले हुआ है। वह अपने पुत्र के साथ रहती है। उसने भी च्वाइस सेंटर में जाकर आवास के लिए फार्म भरने की कोशिश की, लेकिन उसके जॉब कार्ड पर मिथुन पिता समारू का मकान बना हुआ दिखाया। गौरी ने बताया कि उसने इससे पहले कभी भी आवास के लिए फार्म नहीं भरा था।

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गरीबों के जॉब कार्ड से कई संपन्न लोगों के मकान खड़े हो गए हैं। इस धांधली का खुलासा ग्राम भटगांव में हुआ है। इस खुलासे के बाद अब पूरे जिले में ऐसे मामले खंगाले जा रहे हैं। उधर गरीब और आवास विहीन लोग टूटे-फूटे मकान में रहने को मजबूर हैं। वे पीएम आवास के लिए फार्म भर रहे हैं, लेकिन उनका फार्म रिजेक्ट हो जा रहा है।











शहर से लगे ग्राम पंचायत भटगांव में पीएम आवास योजना में बड़ी धांधली का खुलासा हुआ है। यहां पर एक नहीं दर्जनों लोगों के जॉब कार्ड का उपयोग कर दूसरे लोगों का पीएम आवास बना दिया गया है। अधिकांश पीएम आवास तो बनकर तैयार भी हो चुके हैं। यह धांधली अभी की नहीं है, बल्कि सालों से चली आ रही है। कई मकान तो 7-8 साल पहले बनकर तैयार हो गए हैं, लेकिन गड़बड़ी का खुलासा अभी हो रहा है, जब ऑनलाइन फार्म भरा जा रहा है। जिन लोगों के जॉब कार्ड का दुरूपयोग किया गया है, वे जब आवास के लिए फार्म भरने जा रहे हैं तो उनके जॉब कार्ड पर पहले से पीएम आवास स्वीकृत दिखाई दे रहा है और उनका फार्म रिजेक्ट हो जा रहा है। मायूस होकर वे लौट रहे हैं।

### ऐसे हुआ खुलासा

भटगांव निवासी पुरूषोत्तम साहू पिता मोहन साहू आवास के लिए फार्म भरने के लिए ग्राम पंचायत पहुंचा तो उसके जॉब कार्ड पर पहले से पीएम आवास निर्मित दिखाई दिया। उनके पुत्र अवधेश साहू ने इस मामले की छानबीन की। पीएम आवास के साइट पर जाकर गांव में निर्मित पीएम आवास की सूची निकाली। इस सूची में काफी गड़बड़ी मिली। दर्जनों लोगों के जॉब कार्ड पर दूसरे लोगों का मकान स्वीकृत कर दिया गया है। इस खुलासे के बाद अब अन्य गांवों में भी पीएम आवास योजना की जांच की मांग उठने लगी है।

### जिनका बना मकान वे भी अंजान

उर्मिला देवांगन के जॉब कार्ड पर मंगलू का मकान बन गया है। मंगलू ने बताया कि उसके पास जॉबकार्ड नहीं है। न ही पीएम आवास स्वीकृत करने के लिए उसने किसी का जॉब कार्ड दिया है। उसका पीएम आवास स्वीकृति के लिए किसका जॉब कार्ड उपयोग में लाया गया है, उसे नहीं मालूम था। जब उर्मिला कुछ लोगों के साथ उससे मिलने पहुंची, तब उसे इस बात की जानकारी हुई।

### पात्र लोगों को मिलेगा लाभ

कुछ लोगों ने इस प्रकार गड़बड़ी की शिकायत की है। यह गड़बड़ी किसकी गलती से हुई है, पता नहीं लेकिन पात्र लोग इस योजना से वंचित नहीं होंगे। यदि उनका जॉब कार्ड दूसरे के पीएम आवास के लिए उपयोग किया गया है, तब भी उन्हें लाभ मिलेगा। पीएम आवास के सर्वे में पात्र लोगों का नाम जोड़ा जाएगा।

- **बीना देवांगन**, *रोजगार सहायिका*

### मेरे कार्यकाल का नहीं है मामला

मेरा कार्यकाल अभी शुरू हुआ है। इस दौरान एक भी आवास की स्वीकृति अभी नहीं मिली है। ये मामले पुराने हैं। किसी पात्र हितग्राही को वंचित किया गया होगा और वह शिकायत करता है तो इसकी जांच के बाद दोषियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

- **फागूराम**, *सरपंच भटगांव*

### आवास में जॉब कार्ड जरूरी नहीं

पीएम आवास के लिए जॉब कार्ड होना जरूरी नहीं है। जॉब कार्ड इसलिए मांगा जाता है कि आवास निर्माण के दौरान घर के सदस्यों को 90 दिन का रोजगार दिया जा सके। जॉब कार्ड के बिना भी पात्र लोगों को आवास का लाभ दिया जा सकता है। हो सकता है कि उन्हें 90 दिन रोजगार गारंटी का लाभ न मिले।

- **धरमसिंह**, *एपीओ मनरेगा*

## सीमेंट राखड़ से भरा ट्रेलर पलटा, चालक सुरक्षित



नाला किनारे की मिट्टी के धंसने से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिक्सलेन सड़क निर्माण के लिए मटेरियल सप्लाई कार्य में लगा सीमेंट राखड़ से भरा ट्रेलर मिट्टी के धंसने के कारण पलट गया। घटना में चालक बाल-बाल बच गया।

भारतमाला परियोजना के तहत विशाखापटनम तक सिक्सलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यह मार्ग जिले के वनांचल क्षेत्र से होकर गुजर रहा है। निर्माण के लिए मटेरियल सप्लाई के कार्य में सैकड़ों हैवी ट्रेलर वाहन लगे हुए हैं जो रोजना फैक्ट्री से सीमेंट राखड़ लोडकर धमतरी पहुंच सिहावा रोड होते हुए निर्माण स्थल तक पहुंचते हैं। सोमवार की सुबह ट्रेलर सीजी 10 बीडब्ल्यू 1250 सीमेंट राखड़ भरकर धमतरी पहुंच सिहावा रोड में पुराना विजडम स्कूल के सामने सड़क किनारे खड़ा था। सिहावा मार्ग में इन दिनों सड़क किनारे नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। 60 टन से अधिक सीमेंट राखड़ से भरा ट्रेलर निर्माणाधीन नाली के किनारे खड़ा था। अचानक पहियों के नीचे की जमीन के धंस जाने से ट्रेलर एक तरफ पलटकर ट्रांसफार्मर से टकराते हुए जमीन पर गिर गया। ट्रांसफार्मर से टकराने के कारण बड़ी घटना हो सकती थी, लेकिन किसी तरह की गंभीर घटना नहीं हुई। चालक ट्रेलर से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल हुआ। क्रेन की मदद से ट्रेलर को सीधा किया गया। वहीं विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### गंगरेल से लौट रही ई-रिक्शा पलटी



एक बच्चा सहित चार घायल

**धमतरी।** गंगरेल घूमकर वापस लौट रहे ग्रामीणों से भरी ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में एक बच्चा सहित चार लोगों को चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम हरफतराई के 12-13 ग्रामीण ई-रिक्शा में सवार होकर रविवार को घूमने के लिए गंगरेल बांध गए थे। मंदिर दर्शन करने के बाद सभी ई-रिक्शा से वापस हरफतराई लौट रहे थे। इसी दौरान मंदिर मोड़ के पास तेज रफ्तार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। घटना में ई-रिक्शा में सवार त्रिवेणी देशलहरे उम्र 46 वर्ष, ममता देशलहरे उम्र 20 वर्ष, निखिल देशलहरे उम्र 11 वर्ष व चालक देवराज देशलहरे उम्र 35 वर्ष घायल हो गए। अन्य लोगों को चोट नहीं आई है। सूचना पर धमतरी लोकेशन की संजीवनी 108 तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना में घायलों को ज्यादा गंभीर चोट नहीं लगने से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

झारखंड के पूर्व सीएम का समाजजनों ने किया आत्मीय स्वागत

# बंगाल की हिंसा राजनीति से प्रेरित है : अर्जुन मुंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सोमवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठनेता का आगमन रेस्ट हाउस में हुआ। इस दौरान समाजजनों तथा भाजपा नेताओं ने पारम्परिक पगड़ा पहनाकर बाजे-गाजे के साथ उनका स्वागत सम्मान किया। समाज के लोगों से मुलाकात के बाद श्री मुंडा मुख्य कार्यक्रम के लिए बाईकार दुगली रवाना हो गए।

श्री मुंडा ने रेस्टहाउस में पत्रकारों के साथ वार्ता की। उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि वे बाबा साहेब के जयंती कार्यक्रम में शामिल होने दुगली जाने के लिए पहुंचे हैं। देश के लिए बाबा साहेब का अमूल्य योगदान है। उनकी वजह से देश समग्र राष्ट्र की ओर अग्रसर है। उनका सौभाग्य है कि सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए दुगली जा रहे हैं। नक्सल मुद्दे पर उन्होंने कहा कि नक्सली समस्या का समाधान दो तरीके से किया जा सकता है। एक तो नक्सलवाद की तरफ लोग न जाएं, दूसरा संवैधानिक व्यवस्था पर विश्वास रखते हुए आगे बढ़ें। राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि उन क्षेत्रों का विकास करें। रचनात्मक कार्य होने चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार पर फोकस हो। सरकार नक्सलवाद का समाधान लगातार कर रही है। लोग सही रास्ते पर आ रहे हैं। कुछ लोग आने अनजाने में इससे जुड़ जाते हैं। उनको वापस मुख्यधारा में आने का मौका दिया जा रहा है। श्री मुंडा ने कहा कि शांति ही नक्सलवाद का समाधान है।

पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा पर श्री मुंडा ने कहा कि बंगाल में राजनीति हो रही है। देश में और कहीं भी ऐसी स्थिति नहीं है। वक्फ बोर्ड बिल के मामले में लोगों को भ्रमित किया जा रहा है।

इस मौके पर विधायक नीलकंठ टेकाम, पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी, बीपीएस नेताम, एनआर ध्रुव, कांति नाग, शिवचरण नेताम, सुदर्शन ठाकुर, गुरुचरण नेताम, आरसी ध्रुव, असवंत ध्रुव, एसपी ध्रुव, दिवाकर पेंदाम, एमआर ठाकुर, विद्यावती सिदार, जीआर राणा, एमपी से चंदनलाल मस्कोले, हीरासन उरई, तामसिंग गंजाम, राज्य गृह भंडार निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू, महापौर रामू रोहरा, उमेश साहू, सुभाष चंद्राकर, एसडीएम पीयूष तिवारी, डीएसपी मीना साहू, तहसीलदार सूरज बंछोर आदि उपस्थित थे।

## खिसोरा में हुआ मरार समाज राजिमराज का वार्षिक सम्मेलन, प्रतिभाओं को किया सम्मानित

# शिक्षा ही समाज की रीढ़ है : राजेन्द्र नायक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

राजिमराज का वार्षिक सम्मेलन ग्राम खिसोरा में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मरार पटेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल अध्यक्ष राजिम राज जिला गरियाबंद एवं प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष दुलेश्वर पटेल, उपाध्यक्ष खेलू पटेल, व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कमलेश पटेल, अशोक पटेल ने किया। अतिथियों ने समाज की आराध्य देवी माता शाकम्भरी एवं भगवान श्रीराम चंद्र की पूजा अर्चना की। मरार समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि ग्राम खिसोरा का इतिहास भुलाया नहीं जा सकता, क्योंकि इस धरती पर छग के सेनानियों ने जन्म लिया, जिसमें चार हमारे पटेल समाज से हैं। स्व. माधोराम पटेल ने राजिम के संगठन को मजबूत करने के साथ छत्तीसगढ़ मरार समाज की संकल्पना को साकार कर मूर्त रूप प्रदान किया। मरार समाज के वर्तमान संयोजक राजेन्द्र नायक ने कहा कि हमारा समाज बहुत ही संगठित है। मेहनतकश है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल ने कहा कि हमारा समाज शिक्षित है। गौरव ग्राम के पुरोधा स्व. माधोराम पटेल, स्व. देवीराम पटेल के गौरवशाली इतिहास को भुलाया नहीं जा सकता, क्योंकि आजादी की लड़ाई लड़ते लड़ते पूरे मरार समाज को संगठित कर एक सूत्र में बांध दिया है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। हमारा समाज नशामुक्त हो। सवालम्बन की ओर आगे बढ़े, तभी हमारा समाज विकास कर सकता है। इस दौरान समाज के प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाज के नवनिर्वाचित, सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य, पार्षद को समाज गौरव से सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष मगरलोड विरेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम एक अनुकरणीय पहल है। सरपंच राखी साहू ने कहा कि पटेल समाज मेरे परिवार की तरह है। वे मेरे सुख दुख के साथी हैं।

मौके पर तिलोत्मा साहू जनपद सदस्य, इन्दु पटेल, सोमनाथ पटेल प्रदेश महामंत्री, नारायण पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष, फिरंगी पटेल प्रदेश अंकेक्षक, नारायण पटेल सचिव राजिम राज, कैलाश पटेल कोषाध्यक्ष राजिम राज, उपाध्यक्ष गणपत पटेल, दामोदर पटेल, थुकेल पटेल, संरक्षक विनोद पटेल, प्यारी पटेल सलाहकार, दीपक पटेल, गुलाब पटेल, तीजन पटेल, हरिशंकर, महेन्द्र, खूबचंद, कौशल, हेमंत समेत बड़ी संख्या में समाजन मौजूद थे।

## संविधान की रक्षा हम सबका दायित्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

■ कांग्रेसियों ने डा. अंबेडकर को किया याद

भारतरत्न व संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की 133 की जयंती पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद ने कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित कर संगोष्ठी आयोजित की। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने कहा कि स्व. अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान देश के विकास, उन्नति, सुरक्षा व सभी वर्ग व धर्म को ध्यान में रखकर बनाया गया है। लेकिन भाजपा के द्वारा देश को गुमराह करने का कार्य किया जा रहा है। कांग्रेस की विचारधारा संविधान की रक्षा के लिए संकल्पित है।

इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुश्री राजकुमारी दीवान, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश्वर साहू, पार्षद मनीष साहू, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, पूर्व प्रदेश सेवादल संयोजक रवि शर्मा, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव रमेश पाण्डेय, पूर्व पार्षद रोशन जांगड़े, पूर्व एल्डरमेन मनोज अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री लव चन्द्राकर, संतोष प्रजापति, तुलसी राम साहू, प्रदीप साहू सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अंबेडकर जयंती पर कैटतराई के जैतखाम में हुई पूजा

**नगरी।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती समरसता दिवस के रूप में ग्राम कैटतराई में मनाईगई। कैटतराई स्थित पवित्र जैतखाम में पूजन किया गया जिसके पश्चात बाबा साहेब अंबेडकर के तैलचित्र पर पूजन कर फूल अर्पित किया गया। उसके बाद आरती उतारी गई। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, प्रवीण गुप्ता, रामशरण पटेल, हरीकलाल, भगत मनहरे, पंच जगत मनहरे, पंच जमुना मार्कण्डे, अनिरुद्ध सोनवानी, चित्रांश नागवंशी, शिवनारायण लहरे, कुंदन चेलक, गणेश चेलक, राजेंद्र चेलक, घनानंद सोनवानी, मुकेश कोसरे, चंद्रिका कोसरे सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोगों की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** मेला देखकर लौट रहे बाइक सवारों को एक कार ने टक्कर दिया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। मामला सरायपाली थाना अंतर्गत मेन रोड डोंगरीपाली के पास का है। रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 12 अप्रैल को देवा नागवंशी अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केबी 3667 में अपने साथी ध्यानचंद एवं श्यामलाल नागवंशी के साथ ग्राम देवसागर मेला देखकर वापस आ रहा था महाजन पटेल के घर के सामने मेन रोड डोंगरीपाली के पास पहुंचने पर सामने से आ रही वैगनआर क्रमांक सीजी 04 केएक्स 4294 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## क्रिकेट स्पर्धा में क्षेत्र की 40 टीमों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वीर शहीद संतोष नेताम एवं दिलीप साहू की स्मृति में नीलिशा इलेवन गागरा द्वारा रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनीता साहू सरपंच, विशिष्ट अतिथि गोपीचंद यादव, उपसरपंच बिन्दु साहू, जयकिश्न साहू, ग्राम समिति अध्यक्ष उत्तम चोपड़िया, तीजु कौशिक, रामजी साहू थे। प्रतियोगिता में क्षेत्र की 40 क्रिकेट टीमों ने हिस्सा लिया। प्रथम पुरस्कार सरपंच द्वारा 6000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार जनपद सदस्य दिनेश्वरी साहू एवं तृतीय पुरस्कार सारंगपुरी के ग्रामीणों द्वारा दिया गया। प्रतियोगिता में सचिन साहू, विनय साहू, विनोद, विक्की, विजय, दुष्यंत साहू, रविशंकर, खेमराज, नीरज बघेल का सहयोग रहा।

## डॉ. भीमराव एक महान समाज सुधारक थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम पंचायत भवन डांडेसरा में डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। उपसरपंच श्रीमती दामिनी चंद्राकर ने भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। वह वकील होने के साथ-साथ अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने छुआछूत और जातीय भेदभाव के खिलाफ आंदोलन चलाया। भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके योगदान को याद करने का एक अवसर है। भारत के इतिहास में जन्मे कई सारे महापुरुषों में से एक बड़ा नाम है बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का, जिन्होंने समाज-शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किये। डॉ. भीमराव अंबेडकर एक महान विचारक, समाज सुधारक और संविधान के निर्माता थे। इस अवसर पर पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, रोजगार सहायक एमन्त कंवर, कम्प्यूटर ऑपरेटर भोलेश्वर यादव, आवास मित्र पेमन दीवान, अंगद चंद्राकर, इंद्रजीत साहू, लाकेश्वर यादव, चित्रकुमारी साहू उपस्थित थे।

## कहीं बंटी खीर-पूड़ी, तो कहीं हुआ हवन-पूजन

■ हनुमान जयंती पर तिरंगा चौक में हुआ अखंड रामायण पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम राजपुर में हनुमान जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। पुराना पारा में पूजा पाठ और बीच पारा में हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। तिरंगा चौक में मोहल्ले वासियों ने अखंड रामायण पाठ एवं हवन किया। लोगों को खीर पुड़ी बांटी गई। दीपक साहू के निवास में स्थापित हनुमान जी की पूजा पाठ की गई। अन्य जगहों पर भी हनुमान जयंती मनाई गई। हनुमान जी को चोला बंधन, ध्वजा चढ़ाई गई।

इस दौरान चोवा कंवर, बाला राम सिन्हा, परशु साहू,बसंत ध्रुव, टिकेश यादव, दोनेश्वर सिन्हा, कुलेश्वर टेलर, तुमेश साहू, पवन निषाद, लेखराम सिन्हा, यादराम साहू, भुनेश्वर साहू, उमेश सिन्हा, ढालसिंग कंवर, मोतीलाल साहू, ओमू सिन्हा, कैलाश, राजू साहू, नेहरू, रिंकू सिन्हा, भास्कर सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर भोथली में हुआ हवन-पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम भोथली में हनुमान जन्मोत्सव पर ग्राम पंचायत कार्यालय भवन भोथली में हवन-पूजन का कार्यक्रम रखा गया। पंडित पूनम द्विवेदी ने पूजा संपन्न कराई । मौके पर सरपंच योगेश कुमार साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष त्रिभुवन साहू, उपसरपंच पोखराज ध्रुव, पूर्व सरपंच दिनेश्वरी देवांगन, पंचगण भागवत देवांगन, युवराज देवांगन, चंद्रदेव यादव, ममता देवांगन, संतोषी ध्रुव, मनभा यादव, अहिल्या ध्रुव, केशरी ध्रुव, मितानिन लता साहू, प्रमिला देवांगन, फूलमती ध्रुव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता चंद्राकर, आपरेटर पार्वती ग्राम कोटवार हेमंतदास, राकेश दीवान सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## मेडिकल रिलीफ फंड से की गई मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संयुक्त शिक्षक कल्याण समिति कुरूद द्वारा संचालित मेडिकल रिलीफ फंड से पंजीकृत सदस्य कौसर जान शिक्षक माध्यमिक शाला करगा के लंबे समय से अस्वस्थ होने पर फंड के नए नियमानुसार तीस हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर संयुक्त शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष हुमन चंद्राकर, मनीषदेव वर्मा जिला पदाधिकारी, द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, उपाध्यक्ष हरीश निर्मलकर, संकुल प्रभारी भागवत मनहर, संकुल समन्वयक शिवाकांत साहू, व्याख्याता ललित कुमार साहू, नरेंद्र कुमार साहू, शिक्षक सुनील कुमार यादव, चित्रांगद साहू, राजेंद्र कुमार कोसरे, हेमन्त कुमार बंजारे मौजूद थे।

## अंबेडकर किसानों, श्रमिकों के हित के लिए संघर्षरत रहे

चारभाठा में डा. भीमराव अंबेडकर को किया गया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत चारभाठा में डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। उनके छायाचित्र पर पुष्प गुलाल, माल्यार्पण कर नमन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी थे। अन्य अतिथि शकुन्तला रूपचंद देवांगन सभापति जनपद पंचायत कुरूद, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य कुरूद, थानेश्वर तारक पूर्व सरपंच गोजी, ईश्वरी तारक पूर्व सरपंच गोजी, बूथ अध्यक्ष सुरेश साहू थे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री साहू ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षों को याद कर कार्यकर्ताओं को उनके बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। आगे कहा कि भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर आजीवन किसानों, श्रमिकों व महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहे। शकुन्तला देवांगन ने कहा कि समाज के कमजोर व पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करें।

मौके पर धनेश देवांगन, जगदीश सतनामी, देवनारायण साहू, कुंती नगारची पंच, लक्ष्मी लहरे पंच, शिव सोनकर, चैनू, डेरहा देवांगन, जीवन सोनकर, प्रेमलाल साहू, उदय चतुर्वेदी, सुखुराम निषाद, गैंदलाल साहू ग्रामीण भाजपा युवा अध्यक्ष, राजकुमार साहू ग्रामीण अध्यक्ष, प्रफुल राव, लखन लाल साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सेनचुआ में अंबेडकर जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम पंचयात सेनचुआ में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। ग्रामीणों ने उन्हें याद करते हुए समाजिक समरसता, बंधुत्व, समाजिक न्याय, ग्राम विकास का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच जितेन्द्र कुमार साहू, उपसरपंच श्रीमती प्रतिभा साहू, वार्ड पंच श्रीमती रेवती साहू, कन्हैया यादव, भूपेंद्र चन्द्राकर, श्रीमती सरस्वती, श्रीमती हितेश्वरी साहू, श्रीमती सुरजा गोंड, श्रीमती अनुराधा गोंड, श्रीमती डामेश्वरी सेन, मनोज साहू, श्रीमती एशवर्या साहू, टेमन चन्द्राकर समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## पोषण पखवाड़ा अभियान में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर पालकों को किया गया सजग

# करेलीबड़ी के ग्रामीणों ने कुपोषण मुक्त ग्राम बनाने का लिया संकल्प





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 करेलीबड़ी में शनिवार को पोषण पखवाड़ा मनाया गया। इस अभियान के तहत रैली का आयोजन कर बच्चों के पालकों को उनकी सेहत पर विशेष ध्यान देने अपील की गई, ताकि करेली बड़ी को कुपोषण मुक्त ग्राम बनने की संकल्पना पूरी हो सकें। आंगनबाड़ी केंद्र में रंगोली के माध्यम से कुपोषण मुक्त बनाने प्रदर्शनी दिखाई गई। यह पोषण पखवाड़ा अभियान 8 अप्रैल से शुरू हुआ जो 22 अप्रैल तक आयोजित होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता साहू ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पोषण त्योहार से व्यवहार परिवर्तन के लिए पोषण के पांच सूत्र दिए गए हैं जिसमें पहले गर्भवास्था से लेकर बच्चे के 2 साल पूर्ण होते तक सुनहरे 1000 दिन, पौष्टिक आहार, एनीमिया प्रबंधन, डायरिया रोकथाम एवं स्वच्छता को शामिल किया गया है। इन पांच पोषण सूत्र में काम किया जाए तो बच्चे की वृद्धि और विकास तेजी से होगा। इससे कुपोषण की दर घटेगी। उन्होंने बताया कि कुपोषण से शरीर कमजोर हो जाता है। इसके बचाव के प्रबंधन बताए। उन्होंने पालकों को बताया कि छोटे उम्र के बच्चों को पेकैट बन्द खाद्य पदार्थ नहीं देना चाहिए। जंकफूड को इग्नोर करना चाहिए। बच्चों को मोबाइल से दूर रहे। इससे आंख की रोशनी प्रभावित होगी। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए 5 बार भोजन खिलाएं। ताजा फल, हरी सब्जी, गर्म दूध, अंकुरित अनाज, विटामिन सिरप, रेडी टू ईट पावडर से व्यंजन बनाकर परोसने कहा। कार्यक्रम में 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। मौके पर ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधि, सक्रिय महिला सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता साहू,मितानिन गीता साहू,एकता साहू, करिश्मा साहू, आंगनबाड़ी सहायिका जामुन साहू, शिक्षक टिकेंद्र रात्रे समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## परसट्टी में डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत परसट्टी बूथ क्रमांक 36 में भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें स्मरण कर किया गया। उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया।

मौके पर सरपंच ओमप्रकाश साहू, देवेंद्र साहू, छत्रपाल साहू, चंद्रहास साहू, खगेश साहू, उमेश साहू, दुलेश्वर ध्रुव, नानक साहू, भूषण तारक, जयप्रकाश, हुलास साहू, दयासागर साहू, भिखारीराम साहू शामिल रहे।

## अंचल की खबरें

### भाजपाइयों ने बाबा साहेब को किया नमन



**धमतरी।** भाजपाइयों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अम्बेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा में पुष्प अर्पित किए। उनके योगदान का नमन किया।

### निगम के फिल्टर प्लांट में हनुमान जी की हुई पूजा



**धमतरी।** हनुमान जन्मोत्सव पर नगर निगम परिवार द्वारा फिल्टर प्लांट परिसर में विराजमान हनुमान जी की विधिविधान से पूजा-अर्चना एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और भक्ति भाव से पूजा में भाग लिया। पूजा कार्यक्रम में नगर निगम सभापति कौशल्या देवांगन, एमईसी सदस्य अखिलेश सोनकर, निलेश लूनिया, विभा चंद्राकर विशेष रूप से शामिल हुए। सभी ने पूजा-पाठ कर हनुमान जी से नगर की समृद्धि, शांति और जनकल्याण की प्रार्थना की।

### केरेगांव के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना



**धमतरी।** केरेगांव स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। संस्कार शर्मा ने हवन पूजन करवाकर हनुमान चालीसा पाठ कर जन्मोत्सव प्रारंभ किया। हलवा, पूड़ी, शरबत, प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान राजकुमार हरखानी, इंदर वाधवानी, गौतम वाधवानी, अभिषेक गोयल, अंश हरखानी, हर्ष वाधवानी, तनिष्क वाधवानी, पूजा वाधवानी, शमा वाधवानी, प्रियंका वाधवानी, यशोदा माखीजा, कोमल वाधवानी, नीरा यादव, ललित निर्मलकर, विनोद कुमार ध्रुव, जगेंद्र तिवारी, चेतन तिवारी, देवनारायण यादव, चुन्नीलाल यादव, बंटी सोनी, लक्की सोनी, राहुल सेन समेत लोग उपस्थित थे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा



**कुरूद** ।कुरूद नगर में पूरे धूमधाम के साथ रामभक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पुराना बाजार चौक कुरूद में श्री संकट मोचन परिवार के तत्वाधान में पंचमुखी हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धुमाल की मधुर थाप पर जय हनुमान जय श्रीराम के जयघोष के साथ भक्तों ने थिरकते हुए अपनी आस्था प्रकट की। वहीं श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति बिजली ऑफिस कुरूद में सुंदरकांड पाठ और प्रसादी वितरण हुआ। इसी तरह कारगिल चौक कुरूद में जय हनुमान सेवा समिति द्वारा प्रसादी वितरण का आयोजन हुआ। साथ ही अन्य स्थानों पर हनुमान जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में धार्मिक आयोजन हुआ।

### जनपद अध्यक्ष ने लिया सुशासन अभियान का जायजा



**नगरी।** जनता की समस्याओं को देखते हुए समस्या के शीघ्र निराकरण करने के लिए ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों एवं जिला पंचायतों में सुशासन तिहार मनाया गया। प्रथम चरण 8 से 11 अप्रैल तक मांगों व शिकायतों को लेकर आवेदन लिया गया। जनपद अध्यक्ष महेश गोटा ने छुही व साल्हेभाट में जाकर अभियान का जायजा लिया। यहां 200 से अधिक आवेदन जमा हुए हैं। सुशासन तिहार में लोग अपनी मांग और शिकायत आवेदन समाधान पेटी में जमा किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, जनपद पंचायत सभापति शुभम यदु, सरपंच प्रतिनिधि संतराम मरकाम, भानुप्रताप साहू, टिकेश्वर साहू, शत्रुघन साहू, रितु साहू, उपसरपंच यामिनी सिन्हा, लक्ष्मीकांत साहू, निरंजन साहू, पोषण साहू के अलावा कृषि विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### बनरौद-कुकरेल में ज्योति कलश रथयात्रा का स्वागत



**धमतरी।** गायत्री परिवार की ज्योति कलश रथयात्रा बनरौद एवं कुकरेल पहुंची। गायत्री परिजनों के साथ ग्रामवासियों ने रथयात्रा का भव्य स्वागत किया। युग पुरोहित नारायण कौशिक एवं गजानंद साहू ने पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि ज्योति कलश के रूप में साक्षात गुरुदेव का आगमन हुआ है। उनके द्वारा गायत्री मंत्र एवं गुरुदेव का सत संकल्प पाठ कराया गया। श्रीमती खिलेश्वरी किरण प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ धमतरी ने कहा कि शक्ति कलश के रूप में गुरु की कृपा एवं आशीर्वाद हमारे जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाली लाने वाली है। मथुराडीह, जंवरगांव, अरौद, लीलर सलोनी एवं छुही पहुंचने पर रथयात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर उगेश बंसोर ब्लाक समन्वयक, सुभाष साहू इकाई प्रमुख, अनुज साहू, संतोष साहू, चन्द्रकला साहू जनपद सदस्य, राजकुमार साहू, शेखन साहू, घनश्याम ठाकुर, गजानंद साहू, नंदकुमार साहू, लक्ष्मण यादव, नारायण कौशिक, चन्द्रहास साहू, छबिलाल सिन्हा, कृपाराम सिन्हा, कुलदीप सिन्हा, धनंजय देवांगन, मुक्तेश्वरी, देवकुमारी, नीरज साहू, योगेश साहू, सुनील साहू समेत बड़ी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित थे।

धमतरी में मखाना की व्यावसायिक खेती की ओर बड़ा कदम, 100 एकड़ में विकसित होगा आदर्श फसल प्रदर्शन क्षेत्र

# सांकरा को मखाना उत्पादन का आदर्श केंद्र बनाना मेरा लक्ष्य : अरुण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



जिले में किसानों की आमदनी बढ़ाने और वैकल्पिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मखाना की व्यासायिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गजेंद्र चंद्राकर, जनपद पंचायत नगरी के करारोपण अधिकारी आनंद साहू, आरएईओ श्री साहू, मखाना एक्सपर्ट संजय, गोपी कश्यप द्वारा ग्राम सांकरा और नगर पंचायत नगरी क्षेत्र में मखाना की खेती के लिए उपयुक्त स्थलों का सर्वेक्षण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सार्वा ने कहा कि ग्राम सांकरा को मखाना उत्पादन का आदर्श केंद्र बनाना मेरा लक्ष्य है। हम चाहते हैं कि हमारे किसान पारंपरिक धान की खेती से आगे बढ़ें और ऐसी फसलों की ओर रुख करें, जो उन्हें कम लागत में अधिक मुनाफा दें। मखाना ऐसी ही एक फसल है जो जल संसाधनों का उचित उपयोग करते हुए किसानों को दोगुना लाभ दिला सकती है। ग्रामीण युवाओं के लिए भी नए स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे। पत्रकार गोपी कश्यप ने भी इस योजना को धमतरी के लिए हरित क्रांति भाग 2 की संज्ञा देते हुए इसे जनभागीदारी से जुड़ी ऐतिहासिक पहल बताया है। इस पहल के तहत ग्राम सांकरा के लगभग 100 एकड़ जलक्षेत्र को मखाना की खेती के लिए आदर्श फसल प्रदर्शन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसकी निगरानी स्वयं जिला पंचायत अध्यक्ष करेंगे। यह परियोजना जिले में वैकल्पिक खेती की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. गजेंद्र चंद्राकर ने बताया कि मखाना की खेती के लिए जिले का जलवायु और भूगोल बेहद अनुकूल है। ग्रीष्मकालीन धान में 20 से 25 हजार प्रति एकड़ उत्पादन होती है, वहं मखाना प्रति एकड़ उत्पादन अनुमानतः डेढ़ लाख हो सकती है। मखाना की लागत भी अपेक्षाकृत कम है। यह खेती तालाबों और जलभराव वाले क्षेत्रों में की जा सकती है, जिससे जल संसाधनों का भी संरक्षण होगा। एक फसल चक्र में लगभग छह महीने लगते हैं और पौधों की ऊंचाई डेढ़ से तीन फीट तक होती है। एक एकड़ में तीन बार तक फसल ली जा सकती है। योजना के तहत किसानों को मखाना की खेती के लिए प्रशिक्षण, बीज, तकनीकी मार्गदर्शन और विपणन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य और ग्रामीण विकास विभाग के साथ मिलकर इसे क्रियान्वित किया जाएगा। कलेक्टर अविनाश मिश्रा की पहल पर चल रही इस परियोजना की सफलता से जिले के अन्य क्षेत्रों में भी मखाना उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इस दिशा में प्रशासन, वैज्ञानिक समुदाय और जनप्रतिनिधियों की एकजुटता से यह योजना जल्द ही साकार रूप ले सकती है।

## जिनको अभिमान नहीं वही हनुमान : कृष्णाकांत



■ हनुमान जन्मोत्सव पर सिंधौरीकला में आयोजित हुआ मानस सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम सिंधौरी कला में मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने कहा कि हनुमान कौन हैं। जिनको अभिमान नहीं वही तो हनुमान हैं। रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है।

उन्होंने कहा कि रामायण के पात्र भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और भरत मानवीय मूल्यों के आदर्श उदाहरण हैं। हमारे हिंदू धर्म में माता को देवताओं से भी उंचा स्थान प्रदान किया गया है। माता और पिता पृथ्वी और आकाश के समतुल्य माने जाते हैं। मानस में श्रीराम के माध्यम से माता और पिता की आज्ञा को सर्वोपरि प्रतिपादित किया गया है। भरत और शत्रुघ्न तथा लव कुश ने भी भ्रातृ प्रेम बहुत ही सुंदर तरीके से निभाया है।

इस अवसर पर थानू राम साहू पूर्व जनपद सदस्य, प्रेमचंद साहू पूर्व सरपंच, सरपंच दुलार साहू, जनक साहू अध्यक्ष साहू समाज, भीखम यादव, कन्हैया साहू, रोशन साहू, उप सरपंच भूपेंद्र ध्रुव, छबिराम साहू, चमन साहू, ईश्वर साहू एवं सभी पंच सेलदीप से चूरामन साहू, पदमन साहू, मनी राम साहू, नारायण साहू, ईश्वर निषाद, राजेंद्र साहू खूबलाल साहू, भारत साहू, प्रदीप साहू व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## भखारा भठेली में गांव चलो-घर चलो अभियान चलाया गया



■ देश प्रदेश के विकास में सबकी सहभागिता आवश्यक : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान गांव चलो-घर चलो अंतर्गत भखारा मंडल के भठेली भखारा में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन के नेतृत्व में पार्षद एवं कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अध्यक्ष पार्षदों ने वार्ड वालों को विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पीएम मुद्रा योजना, महतारी वंदन योजना आदि सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें देश प्रदेश की विकास यात्रा में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करते हुए मोदी सरकार प्रदेश सरकार की योजनाओं का जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, क्षेत्रीय नेतृत्व अजय चंद्राकर द्वारा प्रारम्भ की गई हितग्राही मूलक कार्यों में सबकी सहभागिता की अपील की। उन्होंने आगे हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के उत्थान हेतु निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर सुशीला निर्मलकर, छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव की महाआरती में शामिल हुए महापौर



**धमतरी।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित महाआरती में महापौर रामू रोहरा शामिल हुए। उन्होंने भगवान बजरंगबली की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से आरती में भाग लिया और नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बोरझरा में बाबा साहेब को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को एक पर्व के रूप में पूरे भारत में मनाई गई। उन्होंने जीवनभर समानता के लिए संघर्ष किया। अंबेडकर को समानता और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है।

इसी क्रम में ग्राम बोरझरा में बाबा साहेब की जयंती मनाकर उसके योगदान को नमन किया। इस अवसर पर सरपंच हवेश्वरी साहू, हरदेव साहू, पंच बसंत साहू, नेमसिंह सिन्हा, संतोष साहू, धनवाराम साहू, नारायण साहू की उपस्थिति रही।

## मंदिर व पूजा घर सनातन परंपरा को मजबूत करने का साधन है : चंद्राकर

■ गुदगुदा में मंदिर का निर्माण कर भगवान शनिदेव मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद/सिर्री



मंदिर व पूजा घर सनातन परंपरा को मज़बूत करने का साधन है। यह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का भी ज़रिया है। ऐसे कार्यों से न केवल

सांप्रदायिक संबंध मज़बूत होते हैं बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण होता है। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने ग्राम गुदगुदा में कही।

सोमवार को स्कूलपारा तालाब के पास ग्रामीणों द्वारा भगवान शनिदेव का मंदिर निर्माण कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की। पंडित सतीश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा हवन का कार्य संपन्न कराया। इस दौरान बतौर अतिथि पहुंचे विधायक चंद्राकर ने कहा कि केवल मंदिर निर्माण कर लेना ही काफी नहीं होता पूरी पूजा विधि भी का ज्ञान आवश्यक है। इसके लिए समिति का संगठित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शनिदेव न्याय के देवता हैं। वे सभी को समान दृष्टि से देखते हैं। उन्होंने सनातन संस्कृति को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि युवा अपने घर, परिवार, मोहल्ले व गांव से सकारात्मक दिशा में सनातन धर्म को मज़बूत कर सकते हैं। इसके लिए वे शास्त्रार्थ की परंपरा को आगे बढ़ा सकते हैं और धर्महित में मुखर होकर बोल सकते हैं। साथ ही वे अपनी परंपराओं, वेदों और ग्रंथों का ज्ञान दूसरों तक पहुंचा सकते हैं। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद सदस्य शकुंतला देवांगन, भाजपा नेतागण थानेश्वर साहू, थानेश्वर तारक, खिलेश यादव, नेतराम साहू, नीलमणि साहू, लीलेश साहू, यशवंत यादव, चन्द्रकुमार सोनकर, परमानंद यादव, तोरण निषाद, सोहन निषाद, पुरूषोत्तम निषाद, डॉ किशोर साहू, तुमेंद्र साहू, हितेश कुमार साहू, जासल साहू, टोमन साहू, हितेश कुमार सोनकर, वेदराम सोनकर, हेमा राम साहू, लोकेश साहू, रूपराम साहू, फूलचंद साहू, सोमन यादव, राधेश्याम यादव उपस्थित थे।

## अपने बच्चों को उच्च व तकनीकी शिक्षा दें : अजय



■ परसवानी में आयोजित हुआ साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन व आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

बानगर परिक्षेत्र के ग्राम परसवानी में साहू समाज ने वार्षिक सम्मेलन आयोजित कर पांच जोड़ों का आदर्श विवाह कराया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने साहू समाज द्वारा फिजूलखर्ची रोकने किए जा रहे नए नवाचार की प्रशंसा की। सोमवार को परसवानी पहुंचे विधायक श्री चंद्राकर ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि फिजूलखर्ची रोकने व सामाजिक एकता के लिए आदर्श विवाह जरूरी है, साथ ही समाज के कमजोर व गरीब वर्ग के बच्चों को आईएएस, आईपीएस व उच्च तकनीकी शिक्षा में आगे बढ़ाने की दिशा में भी समाज पहल करे। उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के साथ संस्कारित शिक्षा और अनुशासन पर जोर देते हुए समाज के सदस्यों को मानवता निर्माण की दिशा में आगे बढ़ते हुए समाजजनों का सम्मान करते हुए सामाजिक समरसता को महत्व देने की बात कही।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाजपा कृष्णकांत साहू, सामाजिक पदाधिकारी मालक राम साहू, चित्तरंजन साहू, तोरण साहू, प्रेमचंद साहू, मनोज साहू, तेजन साहू, लोमश साहू, टिकेश साहू के अलावा परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के पदाधिकारी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ड्यूटी से रिटायर हुआ हूं, देश की सेवा से नहीं : सोहन



■ सेना में 17 साल तक देश की सेवा कर घर लौटने पर हवलदार का हुआ आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरहद पर रहकर 17 साल तक देश की सेवा करके घर लौटने पर ग्रामीणों ने हवलदार सोहनलाल साहू का भव्य स्वागत किया। शौर्य रैली निकालकर उन्हें गांव का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान पूरा गांव देशभक्ति के रंग में डूबा नजर आया।

ग्राम शंकरदाह के जवान सोहनलाल साहू ने 17 साल तक खुद को देश को समर्पित कर दिया था। फौज की नौकरी से रिटायर होने के बाद वे गांव लौटे। उन्होंने बताया कि उनकी ट्रेनिंग सागर में हुई थी। ट्रेनिंग के बाद पहली पोस्टिंग गुजरात में हुई। उन्होंने ड्यूटी के दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों और राज्यों में सेवाएं दी। सेवा के अंतिम चरण में दिल्ली में ड्यूटी की और वहीं से रिटायर हुए। उन्होंने बताया कि वे नौकरी से रिटायर हुए हैं, देश की सेवा से नहीं। जब भी उन्हें महसूस होगा कि देश के लिए वे कुछ कर सकते हैं, उस काम को करने से वे नहीं चूकेंगे। गांव में रहकर भी देश की सेवा करेंगे। उन्होंने बताया कि घर वापसी के बाद गांववालों ने जिस तरह से मेरा स्वागत किया, उससे मैं अभिभूत हैं। श्री साहू ने युवाओं से कहा कि इंडियन आर्मी में सभी को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। अगर नौकरी करते हुए युवा आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं तो उन्हें मौका दिया जाता है।

## जोरातराई (अ) में मनी अम्बेडकर जयंती

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई (अ) में संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। मौके पर रामस्वरूप साहू भाजपा जिला मंत्री, पूर्णिमा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, बंशी साहू, पंचम पाल, अशोक पाल, ईश्वर निषाद उपसरपंच, मुकेश साहू, प्यारे पाल, महेंद्र राजपूत, बालमुकुंद साहू, राकेश पाल, देवनारायण साहू, जितेन्द्र साहू, दिनेश साहू, चिंता साहू उपस्थित थे।



HEALTH TOWN

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया
M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया
M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा इलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जांच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतो की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गोतपुर में भारत रत्न डॉ आंबेडकर की जयंती मनाई

**कांकेर।** भाजपा कांकेर ग्रामीण मंडल के द्वारा पूजा पाठ दीप प्रचलित कर 14 सोमवार को ग्राम पंचायत गोतपुर में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच प्रमिला शोरी, मंडल अध्यक्ष कमलेश उसेंडी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष ईश्वर कावड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण पोटाई, मंडल उपाध्यक्ष व सेवा पखवाड़ा के संयोजक दशरथ साहू, उत्तम जैन, मंडल महामंत्री प्रकाश निषाद, संवत नेताम, बूथ अध्यक्ष कमलेश देवांगन, खुबीराम देवांगन, सुरेंद्र साहू, विवेकानंद जैन, गोकुल पटेल, मनोज पटेल, सुरेश जैन, धर्मेंद्र साहू, सोनाराम नेताम, राजेंद्र मरकाम, गौरव देवांगन एवं पंचायत के सदस्य उपस्थित रहे।

### अवैध देशी शराब की गई जब्त

**कांकेर।** गोण्डाहुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि आरोपी सुशंकर बाला पिता सुनील निवासी पीव्ही 19 देशी शराब को बेच रहा है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस 12 अप्रैल को आरोपी के घर छापा मारा। आरोपी के कब्जे से 4 लीटर देशी शराब को जप्त किया गया है।

### सर्प दंश से किसान की हुई मौत

**कांकेर।** धमतरी जिले के थाना दुगली ग्राम चिवर्री निवासी किसान संतोष मरकाम खेत में पानी पलाते समय 13 अप्रैल को सांप ने काट लिया। ईलाज के लिए किसान को नरहरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत बताया। स्वास्थ्य केंद्र के स्टाप की जानकारी पर नरहरपुर पुलिस ने मामले की जीरों में कायमी करते हुए पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा और विवेचना में लिए डायरी संबंधित थाना को भेजा गया।

### आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज का वार्षिक अधिवेशन 19 अप्रैल को

**सरोना।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जिले के आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज का 37वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह जिले के टांहकापार कार्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है और यह 19 अप्रैल शनिवार को मुड़ा क्षेत्र के बागडोंगरी के अंतर्गत नरहरपुर नगर में होगा।

### डॉ.आम्बेडकर जयंती पर शहर में निकाली बाइक रैली

**कांकेर।** विकासखण्ड कांकेर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर सामुदायिक भवन सुभाष वार्ड में सुबह 9 बजे से बाइक रैली निकाली जो नगर भ्रमण कर कलेक्टर परिसर के समीप आदमकद डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा में पूजा अर्चना कर संविधान के प्रस्तावना का वाचन कर पंचशील ध्वज फहराया गया।

अस्पताल परिसर में पेड़ की छांव के नीचे घंटों पड़ा रहा मरीज

# अधेड़ मरीज को डॉक्टर ने भर्ती करने से किया मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खून की कमी व पूरी तरह कमजोर हो चुका अधेड़ भर्ती होकर उपचार कराने जिला अस्पताल पहुंचा था, लेकिन ड्यूटी डाक्टर ने मरीज को भर्ती करने से मना कर दिया। मरीज अस्पताल परिसर में पेड़ की छांव के नीचे जमीन पर घंटों पड़ा रहा।

जिला अस्पताल में लापरवाही नहीं थम रही है। इसी कड़ी में डाक्टर की उदासीनता व लापरवाही अवकाश के दिन सोमवार को सामने आई। यहां एक अधेड़ मरीज भर्ती होने अस्पताल पहुंचा था, लेकिन ड्यूटी डाक्टर ने उसे भर्ती करने से मना कर दूसरे दिन आने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया। ग्राम कलारतराई निवासी भगवतीराम मारकंडे उम्र 55 वर्ष को खून की कमी की शिकायत है। दो महीने पहले जिला अस्पताल में भर्ती होकर दो यूनिट ब्लड चढ़वाया था। उसके कुछ दिन बाद अधेड़ के शरीर में फिर से खून की कमी होने लगी जिसके चलते अधेड़ कमजोर होता चला गया। सोमवार को उसकी पत्नी सुंदरीबाई मारकंडे आटो किराया कर पति भगवतीराम को भर्ती कराकर उपचार कराने जिला अस्पताल सुबह 9 बजे पहुंची। शासकीय अवकाश होने के कारण अस्पताल में एक डाक्टर की डयूटी लगी थी। जहां मरीज को डाक्टर को दिखा समस्या बताते हुए उससे भर्ती करने का अनुरोध किया, लेकिन डयूटी डाक्टर ने मरीज को भर्ती करने साफ इंकार करते हुए मंगलवार को आने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। बेबस महिला बीमार पति को लेकर अस्पताल परिसर में पेड़ की छांव के नीचे घंटों बैठी रही। बीमार पति कमजोरी के कारण जमीन पर लेट गया। इसी दौरान मीडियाकर्मियों की जमीन पर लेटे मरीज पर नजर पड़ी। पूरी बात सुनने के बाद तत्काल सीएमएचओ को इसकी जानकारी दी गई। सीएमएचओ यूएल कौशिक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वार्ड ब्वाय को मरीज को वार्ड में भर्ती कर ट्रीटमेंट शुरु कराने के निर्देश दिए तब कहीं जाकर बीमार अधेड को अस्पताल में जगह मिल पाई।



### शरीर में 7 ग्राम से भी कम ब्लड

पति को अस्पताल लेकर पहुंची महिला सुंदरीबाई मारकंडे ने पत्रकारों को अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि उसका पति आटो चालक है। वह बीते दो माह से बीमार है। जांच कराने पर पता चला कि शरीर में 7 ग्राम से भी कम ब्लड है। जिला अस्पताल में डाक्टर से भर्ती कराने के लिए कहा, लेकिन उक्त डाक्टर ने भर्ती करने से मनाकर दूसरे दिन आने के लिए बोला।

## हनुमान जन्मोत्सव एवं क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




नगर घड़ी चौक में आयोजित श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं क्रीड़ा भारती का स्थापना दिवस उत्साह एवं पारंपरिक भाव से मनाया गया। इस अवसर पर नगर के महापौर रामू रोहरा उपस्थित थे।

कार्यक्रम में गांव के युवाओं के द्वारा अखाड़ा की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। लाठी और पट्टा जैसे पारंपरिक खेलों का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला, जिसने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। ग्रामीण खेलों की इस विरासत को सहेजने और प्रोत्साहित करने हेतु इस प्रकार के आयोजन सराहनीय रहा। महापौर श्री रोहरा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और परंपरा की जड़ें ग्रामीण खेलों से जुड़ी हैं और इन्हें संरक्षित कर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# दिव्य ज्योति कलश रथयात्रा धमतरी पहुंची

■ कृदत्त कॉलोनी में गायत्री परिवार ने आरती उतारकर दीप जलाकर किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा माताजी के जन्म शताब्दी समारोह 2026 के उपलक्ष्य में दिव्य ज्योति कलश रथयात्रा निकाली जा रही है। रथयात्रा भारत के सभी प्रांतों सहित छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए धमतरी नगर पहुंची। कलश रथयात्रा गायत्री परिवार के नगर बठेना इकाई, हटकेशर इकाई, सोरिद इकाई, पुलिस लाइन, दानीटोला, रुद्री इकाई होकर गोकुलपुर पहुंची। यहां दीप यज्ञ हुआ। सोमवार को सुबह मुजगहन, लोहरसी, ख़रतुली, पोटियाडीह, आमदी होते हुए भानपुरी, खपरी, अर्जुनी, कुरमाराई, देमार होकर गुजरा में विराम किया। इसके पश्चात भखारा ब्लॉक में रथयात्रा भ्रमण करेगी।

कृदत्त कॉलोनी के कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता हर्षद मेहता, कालेश्वर किरण, दिलीप नाग, राजकुमार साहू, शेखनलाल साहू, कौशल प्रसाद साहू, घनश्याम ठाकुर, गोविंद मीनपाल, यशोदा साहू, लक्ष्मी साहू, प्रमिला साहू, साधना साहू शकुन कश्यप, विमला साहू, सरिता सिन्हा, चंद्रहास साहू, जनकलाल साहू, नोहर सिन्हा, लक्ष्मण यादव, नारायण कौशिक, पुरुषोत्तम निर्मलकर, विष्णु हिरवानी, मोहनलाल गंजीर सहित कॉलोनीवासी एनडी सोनी, करुणा सोनी, प्रवीण यादव, एकता सिंह, डॉ भूपेंद्र साहू, गुणेश्वरी साहू, गणेशु राम साहू, विकास साहू, जयंत साहू, प्रियतोष जाधव, रामभवन कुशवाहा, चन्द्रकांत वाही, उमेश कुमार सिंह, अरूण गुप्ता, राकेश जाधव, जनकराम साहू, टेकराम मढ़रिया, उमेश साहू, गोपालराव रणसिंह, सोमनाथ ढीमर, होमेश चन्द्राकर, गौरव चन्द्राकर, कमलेश साहू, नेगूराम साहू, सरिता कुशवाहा, रितु जाधव, रूचि जाधव, नीता रणसिंह, साधना साहू, सीमासिंह, विनीता गुप्ता, कविता साहू, सुमित भोसले, दीपमाला चन्द्राकर, शैली सिंह, विजयलक्ष्मी साहू, साक्षी साहू, प्राची साहू, भुवनेश्वरी साहू, कंचन साहू, दीक्षा साहू, गिरिजा साहू, अनुराधा साहू, धामेश्वरी साहू, पप्पू साहू, देवेन्द्र डड़सेना, रानी डड़सेना, उमेशसिंह बशिष्ट, वंदना सिंह, हेमंत नीतू डेकाटे, उमाशंकर मढ़रिया, मोनू कुशवाहा, रवि कुशवाहा, विशाल जाधव, अयांश सिंह, गेविश साहू, हेरथ, सिम्मी उपस्थित थे।

### गोरेगांव में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव निकली भव्य शोभायात्रा

**नगरी।** नगरी के समीपस्थ ग्राम गोरेगांव में श्री राम हिंदू संगठन के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निकाली गई श्रीराम दरबार की झांकी और शोभायात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया।शिव मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के जयकारों से सारा गांव गूंज उठा। वहीं डीजे की भक्तिमय धुनों पर युवा और बुजुर्गों ने भाव-विभोर होकर नृत्य किया। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचकर सम्पन्न हुई। तत्पश्चात श्री हनुमान जी की चालीसा का पाठ करने के बाद महाआरती किया गया। बालिकाओं द्वारा कलश यात्रा तथा बच्चों द्वारा राम, लक्ष्मण, सीता और बाल हनुमान के स्वरूप में निकाली गई झांकियां हर किसी का मन मोह रही थीं। मार्गों में जगह-जगह फूल वर्षा कर ग्रामीणों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। पूरे गांव में उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## देश मोदी के हाथों में सुरक्षित : प्रीतेश



■ बरारी में वट वृक्ष के नीचे लोगों को केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा द्वारा गांव चलो घर चलो अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी गंगरेल मंडल के बरारी गांव पहुंचकर ग्रामवासियों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासपरक सोच को केंद्रित करते हुए कैलेंडर देश की राजधानी से प्रकाशित किया गया है, उसे लेकर अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में राष्ट्रवाद से ओत-प्रोत अनेक निर्णय लिए हैं। बस्तर जैसे शांत फिजा पर नक्सलवाद को जड़ से उखाड़कर फिर से अमन, चैन, शांति बहाली का कार्य किया जा रहा है। श्री गांधी ने आगे कहा कि गांव, गंगा, गीता, गौमाता, ग्रंथों का गौरव, देश यदि किसी के हाथों में सुरक्षित है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में है।

मौके पर राजेंद्र शर्मा पूर्व पार्षद, मोनिका देवांगन गंगरेल मंडल अध्यक्ष, ऋषभ देवांगन पूर्व मंडल अध्यक्ष गंगरेल, केएस यादव अध्यक्ष कोसरिया यादव समाज, राजेंद्र प्रसाद ध्रुव सरपंच बरारी, जोहन सिंह यादव जिलाध्यक्ष यादव समाज धमतरी, नकुल ध्रुव, नंदबाई यादव, महेश कुंजाम, हृदय मरकाम, नरेश यादव, सागर मरकाम, लक्ष्मी नेताम समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। प्रीतेश ने गांव के अटल चबूतरा में वट वृक्ष के नीचे लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि इस गांव में लगभग 300 लोगों को पीएम आवास लाभ दिया गया है।

# अंबेडकर जयंती पर सर्व अनूसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चा ने निकाली महारैली

■ पारम्परिक वेशभूषा में जमकर थिरकीं बौद्ध तथा आदिवासी समाज की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




सर्व अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चा ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात महारैली निकाली। अम्बेडकर चौक से महारैली रत्नाबांधा, मकई चौक, सदर रोड होते हुए अम्बेडकर भवन दानीटोला पहुंची। जहां भारतीय संविधान पर विचार, चिंतन, संगोष्ठी, सर्वधर्म, सर्वसमाज के आतिथ्य में हुआ।

सोमवार को सर्व अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चा ने सुबह 10 बजे अम्बेडकर चौक स्थित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 134वीं अम्बेडकर जयंती मनाई। संयुक्त मोर्चा की अगुवाई में बौद्ध समाज, सतनामी समाज तथा आदिवासी समाज की आधा किमी लंबी महारैली निकाली। बौद्ध, सतनामी, आदिवासी समाज की महिलाएं अपनी पारम्परिक वेशभूषा में डीजे की धुन पर थिरकते हुए महारैली की अगुवाई करती रही। महारैली दोपहर 12 बजे के बाद निकली जो तीन किमी का रास्ता 4 घंटे में तयकर दानीटोला स्थित अम्बेडकर भवन पहुंची।

भवन में भारतीय संविधान पर विचार, चिंतन, संगोष्ठी पर अतिथि एवं वक्ताओं ने अपने विचार रखे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभाशाली बच्चों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार वितरित किया। 134वीं जयंती समारोह में बौद्ध, सतनामी, आदिवासी सहित सर्वसमाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामू रोहरा, विशिष्ट अतिथि पार्षद श्यामलाल नेताम, अज्जु देशलहरा, प्रकाश सिन्हा, सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखनलाल मरई, सतनामी समाज के अध्यक्ष भावसिंह डहरे, पूर्व बसपा अध्यक्ष आशीष रात्रे, छग अनुसूचित जाति शासकीय सेवक संघ अध्यक्ष गेवाराम नेताम, सर्व आदिवासी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष महेश रावटे, तहसील गोंड समाज अध्यक्ष जयपालसिंह ठाकुर, गोंड समाज महिला प्रभार जिलाध्यक्ष ईश्वरी नेताम, युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष खिलेंद्र पडोटी, हर्ष मरकाम सहित बौद्ध समाज, सतनामी समाज तथा आदिवासी समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## इतवारी बाजार में सुधार की पहल



■ महापौर रामू रोहरा के निर्देश पर तेजी से कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुछ दिनों पूर्व इतवारी बाजार के सब्जी विक्रेताओं ने महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की और बाजार में व्याप्त समस्याओं को उनके समक्ष रखा। विक्रेताओं ने बताया कि बाजार में शौचालय में पानी की कमी है और प्रकाश व्यवस्था भी असंतोषजनक है, जिससे नागरिकों और दुकानदारों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महापौर रामू रोहरा ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर नगर निगम ने कार्यवाही करते हुए शौचालय में 2000 लीटर की पानी की टंकी स्थापित कर दी गई है, जिससे अब वहां पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकी है। इसके अलावा बाजार की लाइट व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया है, जिससे शाम के समय भी बाजार में पर्याप्त रोशनी बनी रहे और नागरिक सुरक्षित महसूस करें। बाजार की सफाई और ट्रैफिक को नियंत्रित करने के उद्देश्य से नगर निगम की टीम लगातार सतर्क है। सड़कों पर पसरा लगाने वाले व्यापारियों को समझाइश दी जा रही है ताकि आवागमन में कोई बाधा न आए और बाजार का संचालन सुव्यवस्थित रूप से हो सके, महापौर की इस त्वरित पहल और निगम की सक्रियता से बाजार व्यापारी और आमजन में संतोष का वातावरण है। यह पहल न केवल व्यवस्था सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि स्थानीय प्रशासन की तत्परता और जनसरोकार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।



## सिंधी समाज ने मनाया शहीद संत कंवर राम का 140वां जन्मोत्सव




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अविभाजित भारत जो कि वर्तमान पाकिस्तान के शक्खर जिला में जन्मे संत कंवर राम साहिब बाल्यावस्था में सर पर चने की टोकरी रखकर भक्ति गीत गाते हुए बेचा करते थे। उन्होंने अपनी रचना व कविता के माध्यम से भजन कीर्तन कर लोगों को उपदेश दिया करते थे। सिंधी समाज के गुरु संत रामदास जी के सानिध्य मे रहकर उन्होंने जनहित कार्य करते हुए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

अमर शहीद संत कंवर राम साहिब के 140वॉं जन्म दिवस के अवसर पर धमतरी सिंधी समाज व एस एस डी सेवा मण्डल द्वारा लालबहादुर शास्त्री चौक धमतरी में उनके छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर देश व समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद कर पुष्पांजलि दी गई साथ ही राहगीरों में चना व शरबत वितरण किया गया।

कार्यक्रम मे सिंधी समाज जिलाध्यक्ष चन्दनलाल जसवानी एस एस डी सेवा मण्डल से राजेश पंजवानी, ईश्वर मन्धान, रूपचंद मन्धान, अशोक नोतवानी, ऋतिक चावला, अशोक डोडवानी, कमल वाधवानी, नन्दलाल लालवानी आदि उपस्थित थे।







# एनएचएम कर्मियों का आज बिलासपुर में महासम्मेलन

■ प्रदेश भर के सभी एनएचएम कर्मचारी लेंगे सामूहिक अवकाश

**धमतरी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के 20 वर्ष पूर्ण होने पर 15 अप्रैल को बिलासपुर में राज्य स्तरीय महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में होगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. अमित मिरी, डॉ रविशंकर दीक्षित, प्रदेश महासचिव कौशलेश तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्याम मोहन दुबे और प्रदेश मीडिया प्रभारी पूरन दास ने बताया कि सम्मेलन में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अमर अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। कौशलेस तिवारी ने कहा कि कि महासम्मेलन में भाग लेने प्रदेश के सभी एनएचएम कर्मी सामूहिक अवकाश लेकर बिलासपुर रवाना होंगे। एनएचएम कर्मियों का कहना है कि बीते 20 वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बनकर कार्य करने के बावजूद उन्हें आज तक नियमितीकरण, ग्रेड-पे, पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति, चिकित्सा अवकाश जैसी सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। कोरोना महामारी के दौरान कई कर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना सेवाएं दीं, फिर भी उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## भाजपा हिंदू संस्कृति की रक्षा करने वाली पार्टी : प्रकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम भीतररास महावीरपारा में गांव चलो, घर घर चलो अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस पहुंचे। उन्होंने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि हिन्दू सनातन संस्कृति की रक्षा करने वाली पार्टी है जिनका आधार स्तंभ राष्ट्र भावना से ओतप्रोत है और इसे हम सब अंतिम सांस तक बनाए रखेंगे। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र प्रभारी नरेंद्र बल्लू सेन, उपसरपंच सुनील यादव, लकेश्वर शांडिल्य पंच, पुष्पलता कुंभकार पंच, तोरण नाग पंच, सतनी शांडिल्य पंच, लोकेश नेताम बूथ अध्यक्ष, गिरीश शांडिल्य, फागूराम शांडिल्य, नेहरू शांडिल्य, संदीप शांडिल्य, निलेश बिसेन, श्यामा बाई बिंदा बाई, लक्ष्मी बाई, उमेश्वरी बाई, चंद्रिका बाई, मंजुलता, कलेंद्री सोम, कुसमा कश्यप, संध्या सोम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

